हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 जून 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी का ...



09 श्रीराम कथा : विश्वास, श्रद्धा और भक्ति से ही ईश्वर ...



## खबर संक्षेप

### डॉ मुखर्जी बलिदान दिवस बूथ पर होंगे कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 23 जून को जिले के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी मुकेश चंद्र मैना ने बताया 23 जून सोमवार को प्रातः 10.00 बजे भाजपा जिला कार्यालय के पास सात रास्ता पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियो , कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पौधरोपण किया जाएगा।

### प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित योजना इंस्पायर अवार्ड का कियान्वयन प्रदेश में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की जिला स्तरीय प्रदर्शनी, प्रतियोगिता का आयोजन 30 जून एवं 1 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट उमावि नर्मदापुरम्-में किया जा रहा है। इस योजना के अतर्गत व कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों द्वारा इंस्पायर पोर्टल पर आईडिया अपलोड किए थे।

## मानसून सक्रिय होने से नर्मदापुरम में 13.9 मिमी बारिश हुई दर्ज

# रुक-रुककर : बारिश का दौर रहा जारी तापमान में गिरावट, भीगा समूचा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शनिवार-रविवार की रात 12 बजे से शुरू हुई बारिश का सिलसिला जारी है। रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह 8 बजे तक 13.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम साफ होने की संभावना नहीं है और आने वाले दिनों में तेज बारिश और हवाओं का पूर्वानुमान है। शनिवार को सुबह से मौसम साफ था और धूप निकली थी। दोपहर बाद अचानक हवाओं के साथ मौसम में बदलाव आया और बूंदाबांदी शुरू हुई। रात को शुरू हुई रिमझिम बारिश रविवार सुबह तक जारी रही।

वर्तमान में जिले में शनिवार-रविवार की रात 12 बजे से शुरू हुई बारिश का सिलसिला जारी है। नर्मदापुरम में अभी तक 13.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश का सिलसिला रूक-रूक जारी रहा।



### बोवनी के लिए सही समय

जिले मे सक्रिय हुए मानसून से पिछले दो दिनों से हुई बारिश में ने किसानों को खरीफ फसल की बोवनी के लिए अच्छा समय है। जमीन में बारिश से पर्याप्त नमी आ गई है। अब किसान पानी खुलते ही मक्का, सोयाबीन की बोवनी में जुट जावेगा, वहीं दूसरी ओर धान के गड़े पर मचाई एवं रोपाई की तैयारी में किसान लग जावेगा। वहीं मौसम विभाग ने इस वर्ष अच्छी बारिश का अनुमान लगाया है।

### सड़कों पर अव्यवस्था



शहर की हाऊसिंग बोर्ड स्थित उत्कृष्ट रोड पर अमृत 2.0 के अंतर्गत पाईपलाईन का कार्य किया जा रहा है जिससे वहां फैली मिट्टी की वजह से उत्कृष्ट रोड पर चलना और दूभर हो गया है। यहां दिन भर में कई गाड़ियां स्लिप होकर गिर गई हैं जिससे लोगों को चोटे भी आ रहीं हैं।


### नर्मदापुरम में बारिश का दौर जारी अब तक 13.9 मिमी वर्षा दर्ज

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि जिले में 22 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 13.9 मिमी, सिवनीमालवा में 07.0 मिमी, इटारसी में 15.4 मिमी, माखननगर में 2.0 मिमी, सोहागपुर में 5.0 मिमी, पिपरिया में 7.4 मिमी, बनखेड़ी में 13.8 मिमी, पचमढ़ी में 7.8 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिमीमिमीवर्षा दर्ज मिमीहै। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।



# मॉर्निंग सफारी में पर्यटकों ने काफी करीब से देखा बाघ

## बारिश में जंगल का लुत्फ ले रहे सैलानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मौसमी बदलाव से बाघों की साईटिंग आसान हो चली है। तीन दिन पहले तक बाघ पर्यटकों को सुबह जल्दी व देर शाम दिखाई देते थे। लेकिन अब गर्मी कम होने पर पर्यटकों को बाघ आसानी से दिखाई दे रहे हैं।

रविवार को भी लगभग सभी पर्यटकों ने मॉर्निंग सफारी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बाघ का दीदार किया है। कुछ पर्यटकों ने बताया कि जब वे मॉर्निंग सफारी पर कोर क्षेत्र के जंगल में घूम रहे थे तब एक कद्दावर बाघ झाड़ी में बैठा हुआ दिखा। तथा जिप्सी वाहनों की आवाज सुनकर वह बाघ जल स्त्रोत के समीप लगी झाड़ियां से निकला।

बाघ सड़क पर आया तथा सड़क क्रॉस करते हुए घने जंगल में चला गया। पर्यटकों ने अपने मोबाइल कैमरा पर बाघ की तस्वीरें काफी करीब से ली। सभी पर्यटकों ने बाघ की बड़ी सुंदर तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर भी की है।

### हमलावर तेंदुआ पकड़ाया

**नर्मदापुरम।** एसटीआर के सिंगानामा में 7 वर्षीय बालक की जान लेने वाला तेंदुआ 5 दिन बाद पिंजरे में पकड़ा गया। वन विभाग ने तेंदुए को एसटीआर के कोर एरिया में स्थित बोरी के घने जंगल में छोड़ने की तैयारी की है। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा, एसडीओ संजीव शर्मा और रेंजर उमेश मारू की मौजूदगी में तेंदुए को रेस्क्यू वाहन से बोरी की ओर ले जाया गया। क्षेत्र में एक और तेंदुए के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने 6 पिंजरे और 10 कैमरे लगाए हैं।

# युवती चेतना शिविर में बहनों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

### तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 23 से 25 तक होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रानी दुर्गावती के 520 जन्म सदी के उपलक्ष्य में 24 जून के को उनके बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में वनवासी कल्याण परिषद द्वारा मध्य भारत प्रांत की युवती चेतना शिविर का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 23 जून से 25 जून तक स्थानीय स्वयंवरम गार्डन में आयोजित किया गया है।

जिसमें मध्य भारत प्रांत से विभिन्न जिलों के 15 से 30 साल तक की बहनों का प्रशिक्षण रहेगा एवं दिनांक 24 को स्थानीय सतरस्ता से शाम 5:00 बजे से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सतरस्ता पर रही समाप्त होगी।

बनवासी कल्याण परिषद मध्य भारत का प्रथम युक्ति चेतना शिविर नर्मदा पुरम में आयोजित हो रहा है इस संबंध में क्षेत्र एवं केंद्रीय स्तर के संगठन के पदाधिकारी एवं संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे तथा महिलाओं को विभिन्न जानकारियों देंगे।

# वन भूमि पर होने वाले संगठित अपराध को संयुक्त कार्रवाई से विफल करें : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वन विभाग की संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में निर्देश दिए की वन भूमि पर होने वाले संगठित अपराध को संयुक्त कार्रवाई से विफल किया जाए।

उन्होंने पुलिस विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम को लगातार वन क्षेत्र में गश्त कर संगठित अपराधों के बारे में पता लगाकर उसे संयुक्त रूप से विफल करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि वन भूमि पर अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन भूमि पर संगठित अवैध कटाई, अतिक्रमण, उत्खनन परिवहन के प्रभाव को भी संयुक्त रूप से विफल करने के निर्देश दिए और कहां की आदतन वन एवं वन्य प्राणियों के अपराधियों की संयुक्त सूची तैयार कर पुलिस एवं वन विभाग आपस में जानकारियां साझा करें और संयुक्त रूप से ऐसे संगठित वन एवं वन प्राणियों के अपराधियों पर कार्रवाई भी करें।



# नर्मदापुरम केंद्रीय जेल में रीवा के कैदी की मौत, हार्टअटैक से मौत होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के केंद्रीय जेल में हत्या के आरोप में बंद रीवा के कैदी की मौत हो गई। घटना शनिवार रात करीब 9.30बजे की है। चार दिन पहले ही सेंट्रल जेल रीवा से विचाराधीन कैदी वीरेंद्र पटेल पिता रामकृष्ण पटेल (32) को केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में ट्रांसफर किया गया था।

विचाराधीन बंदी को अन्य बंदियों के साथ कक्ष क्रमांक 9 में रखा गया था। शनिवार रात 9 बजे बाथरूम के लिए निकला। कुछ दूर चलकर अचैत होकर गिर गया। जिसके बाद दोबारा होश में नहीं आ पाया। जिसके बाद जेल डॉक्टर कुणाल राठौर ने उसे सीपीआर दिया। लेकिन कोई फर्क न पड़ने पर 9 बजे जिला अस्पताल ले जाया गया। 9.45बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मृतक का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक के परिजन को भी सूचना देकर रीवा से बुलाया गया। विचारधीन कैदी वीरेंद्र पटेल सेमरी खुर्द थाना मनगंवा जिला रीवा का रहने वाला था। सेंट्रल जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने बताया 2023 में एक हत्या और हत्या के प्रयास के अपराध में वीरेंद्र पटेल को गिरफ्तार किया गया था। 8 फरवरी 2023 से 17 जून 2025 तक उसे सेंट्रल जेल रीवा में रखा गया। झूठी शिकायतों के चलते प्रशासनिक आदेश पर रीवा सेंट्रल जेल से सेंट्रल जेल नर्मदापुरम रेफर किया गया था। यहां उसे अन्य बंदियों के साथ कक्ष क्रमांक 9 में रखा गया था। रीवा से मिले मेडिकल रिकॉर्ड अनुसार कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। केवल पैरों में सूजन थी। मजिस्ट्रेट के समक्ष डॉक्टर की टीम ने पोस्टमार्टम किया है। हार्ट अटैक की आशंका है।

# माया दोषों से पीड़ित मानवता दैहिक, दैविक, भौतिक तापों से ग्रसित होकर पा रही है दुख : धामेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मोरंड गंजाल कॉलोनी शिवराज पार्क के बगल से सिंचाई विभाग की तवा कॉलोनी में 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में समस्त वेदों शास्त्रों के ज्ञान को सिलसिलेवार जनसाधारण के बोधगम्य करने योग्य भाषा शैली में प्रस्तुत किया। भगवद् विषय में अनुरक्त जिज्ञासुओं के आध्यात्मिक प्रश्नों का वेद शास्त्र सम्मत निराकरण किया गया। तत्वज्ञान के सिद्धांतों के साथ-साथ भक्ति की व्यवहारिक साधना भी बताई और कराई गई जिसका अनुगमन करते हुए लोग अपने आत्मिक कल्याण के वास्तविक उद्देश्य की ओर प्रगति करेंगे। वरिष्ठ प्रचारिका भक्तिमति धामेश्वरी देवी के सानिध्य में प्रवचन श्रृंखला के लाभ से प्रफुल्लित जनमानस को प्रवचन के समापन दिवस पर फूलों की होली का आनंद प्राप्त हुआ।



इस प्रवचन से लाभान्वित भगवद् प्रेमीजन अपने जीवन में तत्व ज्ञान को समाहित करते हुए व्यवहारिक साधना के द्वारा अपने वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अग्रसर होंगे। सनातन वेद शास्त्रों के ज्ञान से प्रकाशित करने वाले विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु एवं जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रमुख एवं वरिष्ठ प्रचारिका भक्तिमति धामेश्वरी देवी का कलिमल के प्रभाव से ग्रसित जीवों को सनातन के ज्ञान से प्रकाशित करने के लिए शुभागमन हुआ।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे पचमढ़ी, लेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी पहुंचे। जून महीने में मुख्यमंत्री यादव का यह तीसरा पचमढ़ी दौरा है। सीएम यहां स्थानीय पर्यटन स्थलों के उन्नयन प्रस्तावित कार्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सीएम पहले भोपाल से हेलीकाप्टर से रवाना होकर पचमढ़ी उतरने वाले थे। लेकिन, खराब मौसम की वजह से दोपहर करीब 12 बजे सीएम का हेलीकॉप्टर पिपरिया हेलीपेड पर उतरा। यहां से वह पचमढ़ी के लिए के लिए कार से रवाना हुए। पिपरिया में मुख्यमंत्री का सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी और नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वागत किया। सीएम के साथ में उनकी पत्नी सीमा यादव भी थी। इसके बाद कार से करीब एक घंटे में पचमढ़ी पहुंचे। यहां वह रविशंकर भवन सीएम हाउस में ठहरे है।

# अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एंव सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम द्वारा काशी विश्वनाथ धाम वाराणसी स्थित कैलाश मठ के भव्य आध्यात्मिक परिसर में महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोषानंद गिरी के स्नेहिल सानिध्य में संपन्न अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह 22 जून को महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोषानंद गिरी के संरक्षण एवं मुख्य आतिथ्य में अन्य अतिथियों सर्वश्री प्रो. ओमपाल सिंह निडर जी, छंदाचार्य कवि गीतकार भूषण त्यागी, अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि डॉ अनिल चौबे गरिमामय उपस्थिति में माता सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।





संस्था के संस्थापक एवं आयोजन प्रमुख कैप्टन किशोर करैया एवं हंस राय के शुभ हस्ते सभी मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार द्वारा अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात प्रस्तावित भाषण कैप्टन किशोर करैया ने संस्था की उपलब्धियों तथा उद्देश्य से परिचित कराया। उनके पश्चात डॉ अनिल चौबे ने कविता की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये।इसी बीच मुख्य अतिथि स्वामी आशुतोषानंद गिरी ने कवि सम्मेलन और कविता पर विशेष विचार व्यक्त किये। इसमें पं.हरिराम द्विवेदी स्मृति भोजपुरी साहित्य -शोध न्याय वाराणसी ने नर्मदा आव्हान सेवा समिति के संस्थापक केप्टिन करैया का सम्मान किया गया।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने मिलकर आयोजित किया शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तत्वाधान में 21 एवं 22 जून 2025 को दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सीनियर सेकेंडरी स्तर पर विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षमता आधारित शिक्षण प्रणाली को समझना और व्यवहार में लाना था।



कार्यक्रम का मुख्य विषय एस.टी.ई.एम. रहा, जिसमें विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुरूप एकीकृत रूप से पढ़ाने की पद्धति को समझाया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बच्चों में आम तौर पर पाई जाने वाली भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान पर बात हुई। ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के माध्यम से विद्यार्थियों में सामान्य से लेकर उच्च कोटि की सोचने की क्षमता को विकसित करने के तरीकों को समझाया गया। विज्ञान पढ़ाने के आसान और रुचिकर तरीकों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही बहुविकल्पीय प्रश्नों को बनाने की प्रक्रिया, उनके स्तर को आंकने की गतिविधि, पढ़ाई की योजना को विद्यार्थियों की समझ के अनुसार बनाने की विधि, प्रश्न निर्माण और उससे जुड़ी सामान्य जिज्ञासाएँ, तथा मूल्यांकन में प्रयुक्त मूल्यांकन मानक (रूब्रिक) की समझ पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्या मोना चटर्जी तथा जनरल मैनेजर सोनल सोखी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उप-प्रधानाचार्या लक्ष्मी पलोहिया के कुशल निर्देशन में सभी शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## विमोचन : संदर्भ इटारसी भव्य समारोह पूर्वक इटारसी को हुई समर्पित

# सांसद चौधरी बोले-इटारसी के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी पुस्तक, विधायक डॉ शर्मा ने कहा-नगर की धरोहर है पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी नगर के इतिहास पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा अपने माता पिता शांतिदेवी महादेव पगारे स्मृति समिति के तत्वावधान में लिखी गई बहुप्रतीक्षित पुस्तक संदर्भ इटारसी, शनिवार को भव्य समारोह पूर्वक इटारसी को समर्पित हो गई। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, वरिष्ठ व्यवसायी एवं उद्योगपति कैलाश शर्मा, हेमंत शुक्ला एवं प्रमोद अग्रवाल के आतिथ्य एवं करकमलों के साथ ही सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संदर्भ इटारसी पुस्तक का विमोचन समारोह संपन्न हुआ।



इटारसी नर्मदा पुरम रोड़ स्थित दी पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में आयोजित विमोचन समारोह में बतौर अतिथि अपने संबोधन में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संदर्भ इटारसी के लेखक प्रमोद पगारे पत्रकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर विधा में पारंगत हैं। हमें बहुत बातें पगारे जी से सीखने को मिलती हैं। ओर अब उनके द्वारा लिखी गई ये संदर्भ इटारसी पुस्तक मील का पत्थर साबित होगी। वहीं क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने भी पुस्तक संदर्भ इटारसी एवं लेखक की जमकर प्रशंसा की। डॉ शर्मा ने कहा कि श्री पगारे का जीवन समाजसेवा को समर्पित है। उनके हर कार्य में नगरहित समाहित होता है। संदर्भ इटारसी नगर की अमूल्य धरोहर बनेगी। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने संदर्भ इटारसी में समाहित बातों का जिक्र करते हुए उसका प्रकाशन अतिआवश्यक बताया।

संदर्भ इटारसी कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रमोद पगारे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन हेमंत मधु शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न सामाजिक बंधु, पत्रकार, परिवारजन, शुभचिंतक, व्यापारी वर्ग, साहित्यकार, कवि, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संदर्भ इटारसी पुस्तक के विमोचन समारोह में नगर की 11 प्रमुख हस्तियों ओर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया वहीं संदर्भ इटारसी पुस्तक के लेखन से लेकर विमोचन समारोह तक में सहयोगी करीब 17 व्यक्तियों का भी श्रीमती शांतिदेवी महादेव पगारे स्मृति समिति द्वारा अतिथियों के करकमलों से सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### तृप्ति को मिली पीएचडी शुभकामनाएं की प्रेषित

**बैतूल।** बैतूल निवासी और वर्तमान में शासकीय गीतांजली महाविद्यालय में प्राध्यापक, चित्रकार व मूर्तिकार डॉ. कीर्ति सिंह के मार्गदर्शन में शोधार्थी तृप्ती प्रवाल को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से पीएचडी अवार्ड हुई है। तृप्ती का शोध विषय जामनीराय के चित्रों में सर्जनात्मक एक अध्ययन था। तृप्ती की इस पीएचडी में सह निर्देशिका डॉ.रश्मि जोशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इनकी इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### जयकुमार ने नेशनल कराटे में जीता गोल्ड

**बैतूल।** देहरादून में आयोजित हुई चौथी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बैतूल के जयकुमार थेपे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 16 जून को जूनियर कैटेगरी के माइनस 76 किलोग्राम भार वर्ग में यह सफलता हासिल किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जयकुमार का चयन चीन में होने वाली एशियन कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 2 से 5 सितंबर के बीच आयोजित होगी। जिसमें जयकुमार भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कैटेगरी में देशभर से 6 बालक और 6 बालिकाओं को चुना गया है। जयकुमार ने बैतूल के संजीवनी स्कूल से हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की है। फिलहाल वे मध्यप्रदेश की साई खेल अकादमी में कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनके पिता निर्माण कार्यों में मजदूरी करते हैं और माता एक गृहिणी हैं। जयकुमार का सपना है कि वे एशियन चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीतें और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। वहीं खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि वे एशियन चैंपियनशिप में भी पदक जरूर जीतेंगे।

### 14 साल की मूक-बधिर दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म

**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र में एक मूक-बधिर दिव्यांग बच्ची के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता 14 साल की छात्रा है। घटना एक दिन पहले शनिवार शाम की है। जानकारी के अनुसार, बच्ची अपने घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान बिजली गुल होने का फायदा उठाते हुए 18 साल का मुकेश और एक नाबालिग लडक़ा उसे पास के स्कूल के शौचालय में ले गया और वहां दोनों ने दुष्कर्म किया। इसी दौरान वहां लोग आ गए और उन्होंने शोर मचा दिया और बच्ची के परिजन को सूचना दी। जिसके बाद परिजन मासोद पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत की है। बताया जा रहा है कि जब लोगों ने हल्ला मचाया तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। बाद में पुलिस ने 17 साल के नाबालिग लडक़े को हिरासत में लिया है। वहीं मुख्य आरोपी फरार हो गया है। थाना प्रभारी वंशज श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित बच्ची का मेडिकल करवाया गया है। वहीं मूक बधिर एक्सपर्ट से इस मामले में बच्ची के बयान लिए जा रहे है। परिजन की शिकायत पर दोनों के खिलाफ पॉस्को एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने उप स्वास्थ्य केंद्रों का किया भूमिपूजन

**बैतूल।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने बैतूल विधानसभा के ग्राम कनारा और माथनी में 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों का शनिवार को भूमि पूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धुर्वे ने कहा कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के अथक प्रयासों का परिणाम है कि ग्राम पंचायत कनारा और ग्राम पंचायत माथनी में 65-65 लाख रुपये की लागत से दो उप स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे। जिससे ग्रामीणों को उपचार की सुविधा मिलेगी और उन्हें उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य केंद्रों का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना है, जिससे गांवों में रह रहे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुंभारे, किसान मोर्चा के महामंत्री पर्वतराव धोटे, सरपंच कनारा शर्मीला सदन उईके, सरपंच माथनी सरोज राठौर, जनपद सदस्य किरण पारधे, जनपद सदस्य माधोराव नानकर आदि लोग शामिल थे।

---

जिम्मेदारों की अनदेखी से अतिक्रमण, शहर के कई नदी-नाले पर बीम व पिलर निर्माण

# नदी-नालों पर हादसों को बुलावा दे रहे कब्जे से बने पक्के आशियाने

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

शहर के अधिकांश नदी-नाले अतिक्रमण की जद में है। यहां तक की अतिक्रमणकारियों ने नाले के ऊपर तक अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया है। किसी ने बीम से पिल्लर निर्माण कर खड़ा कर दिया, तो किसी ने दीवार डालकर निर्माण कर रखा है। इसे हटाने के लिए नगरपालिका ने अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है।

जिससे भविष्य में बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की संभावना बनी रहेगी। गौरतलब है कि बैतूल शहर की सीमा रेखा से होकर माचना नदी गुजरती है, वहीं बैतूल शहर के बीचों बीच से 5 किलोमीटर लंबा हाथी नाला है। लेकिन इन स्थानों पर नियम ताक पर रखे गए हैं। यहां नदी और नालों पर बीम और दीवारें खड़ी हैं। कुछ लोगों ने नदी और नदी से एक मीटर भी जगह नहीं छोड़ी और नालों और नदियों के पानी में ही कंस्ट्रक्शन कर दिए हैं। ऐसे में भविष्य में यह निर्माण किसी हादसे को न्यौता दे सकते है। अधिकांश मकान अतिक्रमण कर और गलत तरीके से बनाए गए हैं, लेकिन नगरपालिका और राजस्व अमले, दोनों को इस बात की कोई फिक्र नहीं है कि इन्हें रोका जाए।



### हाथी नाले पर पिलर्स और दीवारें खड़ी कर किया निर्माण

*शहर के सदियों पुराने हाथी नाला का जब हरिभूमि की टीम ने मुआयना किया, तो खंजनपुर, विकास नगर, गंज, सदर और भग्गूढाना क्षेत्र में तो नाले के बिल्कुल किनारे तक और कहीं-कहीं नाले के ऊपर भी अतिक्रमण पाया गया, इसी तरह लिटिल फ्लावर स्कूल के पीछे से होकर गेंदा चौक होकर माचना नदी में मिलने वाले नाले पर भी गेंदा चौक के पास पटेल वार्ड में मकान, नाले के ऊपर बने दिखे। अन्य जगहों पर भी अधिकांश मकानों का कंस्ट्रक्शन नालों के किनारे तक या उसके ऊपर में ही है। खंजनपुर में लोहा पुल के समीप अधिकांश मकानों के पिलर्स और दीवारें नाले में हैं। इसी तरह विनोबा नगर और भग्गूढाना में भी कई पिलर्स नालों में ही बने हैं। विकास नगर में भी पटवारी कॉलोनी में नालों में ही मकानों के पिलर्स और दीवारें खडी हैं। कई जगह तो नाला बेहद संकरा हो गया है। जयप्रकाश वार्ड में भी कई लोगों ने नाले तक अपने मकान बना लिये है। ऐसे में बारिश के समय बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है तो भविष्य में बड़े हादसे से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।*

### हमलापुर से कर्बला घाट तक सबसे ज्यादा अतिक्रमण

*शहर के हमलापुर से शुरू होकर कर्बला घाट तक लगभग पांच किलोमीटर बहने वाली माचना नदी के किनारों पर सबसे ज्यादा कंस्ट्रक्शन जयप्रकाश वार्ड में अचलपुर नाका क्षेत्र में नदी के किनारे किया गया है। माचना नदी के किनारे जयप्रकाश वार्ड में सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। यहां पर कई मकान नदी के बिल्कुल किनारे तक बना दिए गए हैं। यहां कई लोग खतरा उठाकर भी रह रहे है। रामनगर में भी नदी के पानी से बचने के लिए मकान को पिलर्स के सहारे खड़ा किया गया है। लोग नदी और नालों के किनारे पर मकान धड़ाधड़ बनाते जा रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्यवाही तक नहीं की जा रही है। जिसके चलते शहर के नदी-नाले लगातार अतिक्रमण की जद में आते जा रहे है और भविष्य में हादसों को न्योता दे रहे प्रतीत होते है।*

### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग नियमों का नहीं किया जा रहा पालन

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अनुसार और बैतूल विकास योजना के नियमों के अनुसार किसी भी तरह के निर्माण कार्य नदी के उच्चतम जलस्तर से न्यूनतम दूरी 30 मीटर और नालों के उच्चतम जलस्तर से 9 मीटर दूरी होनी चाहिए। लेकिन शहर में इन नियमों को धता बताते हुए कतई पालन नहीं किया जा रहा है। इसके पीछे राजस्व विभाग और नगर पालिका के कर्ताधर्ताओं की लापरवाही भी जिम्मेदार है। विभाग समय रहते इस ओर ध्यान नहीं देते है। जिससे लोग बेधड? होकर नदी-नालों पर लगातार अतिक्रमण करते जा रहे है। हालात यह है कि शहर के अधिकांश नालों की चौड़ाई अतिक्रमण के कारण घटकर कम हो गई है। इस तरह नदी-नालों पर बने मकान बाढ़ का कारण तो बनते ही हैं, साथ ही साथ इन मकानों में रहने वाले लोग पर्यावरण के साथ खुद की जान भी जोखिम में डालकर रहते हैं।

### नोटिस जारी किया जाएगा...

हमारे द्वारा कलेक्टर एवं तहसीलदार साहब को नदी-नालों के किनारे सीमांकन के लिए रेगुलरारी आवेदन दिया जाता है। इसके अलावा जिन लोगों के द्वारा नदी-नालों पर अतिक्रमण किया है, उन्हें सख्ती से नोटिस जारी किया जायेगा। और रही बात गेंदा चौक के पास अतिक्रमण की, तो वहां पर पहले पत्थर की बड़ी पुलिया थी, जिस पर बाद में पीडब्ल्यूडी द्वारा पाइप की छोटी पुलिया बना दी गई। जिससे नाला सकरा हो गया, पहले वहां पर नाला लगभग 40 फीट चौड़ा था।

\- श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, नपाध्यक्ष बैतूल

### अनुमित नहीं दी जाती...

चूंकि जमीन का एक्चुअल रिकॉर्ड और डाटा राजस्व विभाग के पास रहता है, इसलिए उनके साथ संयुक्त टीम बनाकर समय-समय पर नोटिस देकर अतिक्रमण हटाया जाता है। हमारे द्वारा ऐसे अतिक्रमणकारियों को बिल्डिंग निर्माण की अनुमति भी नहीं दी जाती है।

\- **नीरज धुर्वे, इंजीनियर** नगर पालिका बैतूल

---

बैतूल में बनी सिकल सेल पर शॉर्ट फिल्म का राज्यपाल ने किया लोकार्पण, सीएम ने किया शेयर



## सिकल सेल जागरुकता में इस फिल्म का रहेगा महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए पूर्व वैवाहिक जेनेटिक काउंसलिंग की अहमियत को दर्शाती एक शॉर्ट वीडियो फिल्म हाल ही में बैतूल के घोड़ाडोंगरी विकास खंड के खमालपुर गांव और जिला चिकित्सालय बैतूल में शूट की गई। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में सिकल सेल रोग के प्रति जानकारी फैलाना और युवाओं को विवाह से पूर्व जांच कराने के लिए प्रेरित करना है।

सीएमएचओ डॉक्टर मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि इस प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म का औपचारिक लोकार्पण मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा बड़वानी से किया गया। यह कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में नई चेतना और जागरूकता लाने का संकेत है। यह बैतूल जिले के लिए गर्व का विषय है कि इस जागरूकता वीडियो को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर आम जनमानस तक इसकी महत्ता को पहुंचाया। इस फिल्म में कलाकारों ने ग्रामीण परिवेश में अपनी कला का जौहर दिखाते हुए बताया कि शादी के लिए कुंडली मिलाने के साथ-साथ सिकल सेल कार्ड मिलना भी जरूरी है। इस फिल्म में मुख्य रूप से सिकल सेल कार्यक्रम की नोडल डॉ अंकिता सिते ने अहम भूमिका निभाई है। डॉ अंकिता सिते ने बताया कि इस शॉर्ट फिल्म से सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने का प्रयास है।

समय रहते जांच और जेनेटिक काउंसलिंग विशेषकर विवाह से पहले की गई सिकल सेल की जांच और कार्ड मिलान आने वाली पीढ्यों को इस गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभा सकती है।उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2023 को देश के प्रधानमंत्री ने 17 राज्यों में राष्ट्र सिकल सेल उन्मूलन 2047 मिशन का शुभारंभ किया था। इस मिशन के माध्यम से मप्र में एक करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की गई और स्क्रीनिंग करने के बाद विशेष तकनीक से तैयार किए कार्ड उनको दिए गए। इससे पता चलता है कि हितग्राही सिकल सेल रोगी है,वाहक है या पूर्णतः सामान्य है। शादी के पहले सिकल सेल कार्ड जरूर मिले और बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाए।

---

राजस्व कार्यों की रफ्तार बढ़ाने मुस्तैद हुआ प्रशासन

## एसडीएम राजीव कहार की अध्यक्षता में जनपद कक्ष में हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




जिले को आयुक्त नर्मदापुरम की आगामी बैठक में पहला स्थान दिलाने के उद्देश्य से प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 21 जून को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर एसडीएम बैतूल राजीव कहार की अध्यक्षता में जनपद कक्ष में राजस्व विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार बैतूल नगर व बैतूल ग्रामीण गोवर्धन पाटे, नायब तहसीलदार श्याम सिंह उईके द्वारा राजस्व विभाग की सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

**योजनाओं पर बिंदुवार की गई चर्चा, आयुक्त की बैठक के लिए तैयारियां की गई तेज**

तहसील कार्यालय बैतूल में पदस्थ सभी पटवारियों से योजना वार जानकारी ली गई तथा जिन क्षेत्रों में प्रगति नहीं हुई वहां संबंधित कानूनगो और नाजिर को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजस्व योजनाओं जैसे ई -केवाईसी, आधार लिंकिन्ग, नक्शा तरमीम, भू-राजस्व वसूली, अतिक्रमण, सीमांकन, सीएम हेल्पलाइन सहित प्रत्येक बिंदु पर 100 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। नक्शा तरमीम पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। एसडीएम राजीव कहार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किए जाएं ताकि जिले को बेहतर रैंक दिलाई जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जायद मूंग फसल की गिरदावरी समय से पहले पूर्ण की जाए जिससे किसानों को योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। नगरीय निकाय क्षेत्र में पदस्थ राजस्व निरीक्षक नजूल, बैतूल नगर तथा टिकारी, खंजनपुर, हमलापुर, बदनूर ढाना, गौठाना के पटवारियों को धारणाधिकार योजना, पट्टा नवीनीकरण एवं डायवर्सन टैक्स वसूली के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व निरीक्षक बैतूल नगर भीमराव पोटफोडे, डायवर्सन निरीक्षक राहुल इवने, बैतूल बाजार निरीक्षक धनराज झल्लारे, नजूल बैतूल बाजार के निरीक्षक यशवंत वटके, कोलगांव के संतोष ठाकुर, बैतूल-1 के भगवानदास आर्मो, बैतूल-2 के जितेंद्र पंवार, तथा कल्याणपुर निरीक्षक हेमंत चिलहाते के स्थान पर मुख्यालय पटवारी कल्याणपुर ने भाग लिया। शेष ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के सभी पटवारी बैठक में उपस्थित रहे। तहसील प्रशासन ने बैतूल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त निवासियों से आग्रह किया है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भू-राजस्व, डायवर्सन टैक्स तथा अन्य शासकीय शुल्क समय पर जमा करें। मार्च माह का इंतजार न करें, बल्कि तुरंत अपने हल्का पटवारी अथवा नजूल राजस्व निरीक्षक से संपर्क कर अपने प्लॉट, मकान, आवासीय, औद्योगिक या शैक्षणिक संस्थानों का टैक्स नियमानुसार जमा करें और शासन को सहयोग करें।

## योग दिवस से नगर परिषद के विजय भवन में शुरू हुआ योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



रविवार से नगर परिषद शाहपुर के विजय भवन में योग प्रारंभ हुआ। इस योग के शुभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर रोहित विक्की नायक भी स्वयं अपने दोनों बच्चों को लेकर योग करने के लिए विजय भवन पहुंचे। उन्होंने वहां सभी के साथ मिलकर योग किया। इसी समय योग समिति के तहसील अध्यक्ष शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि योग जीवन को स्वस्थ और मधुर रखने का नाम है। योग करने से मनुष्य के शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। तन मन दोनों साफ और शांत रहते हैं। शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में विजय भवन शाहपुर में योग का शिविर पांच दिनों का प्रारंभ होने जा रहा है। कोई भी नागरिक योग शिविर में भाग ले सकता है। यह योग शिविर पूरी तरह निशुल्क है।

प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान

## भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शनिवार 21 जून को संपन्न हो गया।

शिविर के अंतिम दिन आयोजन समिति पतंजलि की ओर से विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, पूर्व नपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, समाजसेवी सुनील द्विवेदी आदि उपस्थित थे। यह शिविर विवेकानंद वार्ड स्थित माचना नदी विसर्जन घाट के पास, फिल्टर प्लांट के पीछे 19 से 21 जून तक आयोजित किया गया था। जिसमें प्रतिदिन सुबह बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास किया।

## जिला स्तरीय जूडो खेल चयन ट्रायल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र भोपाल द्वारा मप्र अकादमियों में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश के लिए जिला स्तर पर चयन ट्रायल का आयोजन आज 23 जून को शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल जिला में प्रातः 9.30 बजे से किया जाएगा।

जिसमें संचालनालय से आए प्रतिनिधियों द्वारा जूडो खेल में चयन ट्रायल लिया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मप्र की खेल अकादमियों में प्रवेश एवं उन्हें निशुल्क आवास,भोजन, खेल सुविधाएं, निशुल्क शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने समस्त शासकीय शिक्षण संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल परिसर एवं खेल एसोसिएशन क्लब से अधिक संख्या में चयन रॉयल में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### चयन ट्रायल में प्रतिभागिता के लिए आवश्यक अर्हताएं.....

*उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी मप्र का मूलनिवासी हो तथा खिलाड़ी की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो एवं न्यूनतम 12 वर्ष हो, आयु गणना 01.07.2025 की स्थिति में की जाएगी। इसके अलावा आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ 2 पासपोर्ट साईज फोटो लेकर आना अनिवार्य है। चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का निर्धारित खेलों में फिजिकल टेस्ट एवं स्कील्स टेस्ट परीक्षण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रतिभा चयन जिला स्तर पर 23 जून को प्रातः 6 बजे से मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में रखा गया था। किन्तु आयोजन स्थल एवं समय में आंशिक संशोधन किया जाकर उक्त चयन ट्रायल शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं जो उक्त अर्हताओं को पूर्ण करते हों वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर चयन ट्रायल में भाग ले सकते है।*

### आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 के प्रवेश शुल्क के संबंध में आवश्यक निर्देश

**बैतूल ।** आईटीआई में प्रवेश सत्र-2025 प्रवेश के लिए आवेदक द्वारा सीटीएस की प्रवेश फीस दो किस्तों में जमा की जाएगी। जिसमें प्रथम किश्त 3 हजार 250 रूपए (प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार 500, कॉशनमनी-250, परीक्षा फीस-500 रूपए) प्रवेश के समय जमा किया जाना अनिवार्य होगा। सीटीएस की द्वितीय किश्त की राशि 2 हजार 840 रुपए प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पश्चात 06 माह के अंदर माह नवंबर-दिसंबर तक संस्था के बैंक खाते में आवेदक द्वारा जमा कर आईटीआई में रसीद प्रस्तुत करना होगा, जिसकी पुष्टि संस्था द्वारा किया जाना आवश्यक होगा एवं लेखा की स्थिति को अद्यतन रखा जाना संस्था प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी।उक्त व्यवस्था केवल प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये होगी। दो वर्षीय व्यवसायों में द्वितीय वर्ष की प्रवेश फीस पूर्वानुसार संस्था में ही दो समान किस्तों में ली जा सकेगी।

इसके लिए प्रथम किश्त 3 हजार 170 रूपए (प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार 670 एवं परीक्षा फीस-500) तथा द्वितीय किश्त राशि 2 हजार 670 रहेगी। यदि किसी प्रशिक्षणार्थी के द्वारा परीक्षा पूर्व फीस भुगतान नहीं की जाती है तो ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा। उक्त के अतिरिक्त प्रवेश सत्र 2025 से आईटीआई में प्रवेश लेने वाले पंजीकृत चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट सीसीआईएस में रहने वाले अथवा चाइल्ड वेलफेयर कम्युनिटी द्वारा विमुक्त अभ्यर्थियों के लिये सीटीएस के प्रवेश शुल्क को अभी किया जा रहा है एवं फीस की प्रतिपूर्ति के लिए पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे।

---

93 वर्षीय वयोवृद्ध के साथ किया योगाभ्यास, उम्र के इस पड़ाव में गजब की फुर्ती

# दुबई की इंटरनेशनल मॉडल विद्या जोशी का बैतूल में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जन परिषद के स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुबई की इंटरनेशनल मॉडल, बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज यूनिवर्स, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ अबू धाबी एवं रनवे मॉडल व एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल, जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव के साथ अलसुबह बैतूल के पुलिस ग्राउंड पहुंची। जहां उन्होंने जनपरिषद बैतूल चैप्टर के वयोवृद्ध सदस्य 93 वर्षीय लक्ष्मणराव घोडक़े जी के साथ कदम ताल मिलाते हुए तेज कदमों के साथ मॉर्निंग वॉक एवं योगाभ्यास किया।

इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से वयोवृद्ध लक्ष्मणराव घोडक़े के स्टेमिना की तारीफ करते हुए कहा कि 93 वर्ष की उम्र में भी श्री घोडक़े की चुस्ती-फुर्ती देखने लायक है और हम सभी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। इस दौरान जनपरिषद बैतूल चैप्टर के अध्यक्ष विजय दीक्षित ने बताया कि वे अपने जीवन के 93 बसंत पार कर चुके हैं, लेकिन उनके नियमित व्यायाम, वॉकिंग-जॉगिंग, योग, ध्यान, प्राणायाम के चलते वे हमेशा चुस्त दुरुस्त रहते हैं और उनके चेहरे में सदैव चमक देखी जा सकती है। इस दौरान एक संक्षिप्त लेकिन गरिमामयी कार्यक्रम में जनपरिषद बैतूल चैप्टर के अध्यक्ष विजय दीक्षित, वरिष्ठ सदस्य व समाजसेवी अरुण किलेदार, जन परिषद के मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद के महासचिव संजय द्विवेदी, लोणारी कुनबी समाज के अध्यक्ष मुन्ना मानकर, लायंस क्लब बैतूल के अध्यक्ष बीआर कुबड़े आदि ने फूलमाला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सुश्री विद्या जोशी पटेल तथा जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव का स्वागत, अभिनंदन किया। इस अवसर पर भावुक होकर बैतूल में बिताए अपने बचपन और युवावस्था के दिनों का स्मरण करते हुए जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि यहां आकर अपनापन महसूस होता है। उन्होंने बताया कि बैतूल से ही जन परिषद की परिकल्पना की थी। सामाजिक जागरूकता, मूल्यों का संरक्षण और ग्रामीण नेतृत्व को मंच देने की सोच लेकर आज से 36 वर्ष पूर्व जो यात्रा शुरू की थी।



### जन परिषद बैतूलबाजार ने प्रतिभाओं का किया सम्मान




**बैतूल।** सामाजिक सरोकार की संस्था जनपरिषद समाज मे छुपी हुई प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु 36 वर्षों से प्रयासरत है। संस्था की शुरुआत बैतुल से ही हुई और आज देश विदेश में सैकड़ो चेप्टर खुल चुके है। ये विचार जनपरिषद के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव ने बैतूल बाजार में व्यक्त किये। गुनगुन होटल एंड रेस्टोरेंट फोरलेन बैतूल बाजार में जनपरिषद ने रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशीपटेल का भव्य स्वागत किया और विभिन्न क्षेत्रों को प्रतिभाओं का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में खेलकूद में जिले से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली बालिका कु सृष्टि कृष्णकांत गावंडे, हायरसेकंडरी में टॉप आने वाली कु अंचल अभय वर्मा, रक्तवीर युवा पम्मू मयूर राठौर व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्य थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुबई ( यू ए ई) की इंटरनेशनल मॉडल, बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ दुबई, रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशीपटेल थी। कार्यक्रम को रामजी श्रीवास्तव के अलावा जिला अध्यक्ष विजय दीक्षित, भाजपा महिला मोर्चा से श्रीमती संगीता पानकर,और मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री विद्या जोशी पटेल ने सम्बोधित किया। संस्था का प्रतिवेदन का वाचन वरिष्ठ सदस्य सुभाष जामगडे ने किया। कार्यक्रम में भोपाल से जनपरिषद के नीलू श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड, पार्षद विजय पानकर, सांसद प्रतिनिधि अनूप वर्मा, पत्रकार महेंद्र गुड्डा वर्मा, नरेंद्र विजयकर, मोहित विजयकर, बजरंगदल के कृष्णकांत गावंडे, पवन राठौर, डॉ अनंत वर्मा, पीयूष वर्मा, राजेश कनाठे समेत युवा साथी उपस्थित थे। मंच संचालन भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय पवार ने किया।

## थाना प्रभारी का बजरंग दल ने किया सम्मान

**सीहोर।** थाना इछावर आने पर थाना प्रभारी पंकज सिंह का बजरंग दल प्रखंड समरसता प्रमुख इच्छावर के सौरव मकरैया के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुशवाहा, मंजीत माहेश्वरी, मोंटी राजपूत, लखन ठाकुर द्वारा शाल श्री फल भेट कर नगर आगमन पर स्वागत शुभकामनायें प्रेरित की। इस अवसर पर थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई भी सहायता होगी में तत्पर करूँगा और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि ऐसा कोई कार्य ना करें जिस से आपको और हमको परेशानी का सामना करना पड़े सौरव ने कहा की क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाना प्रभारी तत्परता से कार्रवाई करेंगे और निराकरण करेंगे इछावर क्षेत्र के नागरिक गण भी उनका सहयोग करेंगे।

## नशीला पदार्थ बरामद दुकानदार गिरफ्तार


**सीहोर।** भैरूंदा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 6 हजार रुपये कीमत का 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने इस संबंध में कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए थे।

### मूंग खरीदी पंजीयन में दूर हुई गिरदावरी की अड़चन, शुरू हुआ कृषक पंजीयन

# दो दिन तक पंजीयन नहीं किए जाने से परेशान हुए किसान, अब मिली राहत

**खरीदी को लेकर पिछले दो दिनों से पोर्टल पर पंजीयन नहीं होने की समस्या किसानों के समक्ष उत्पन्न हो गई थी। लेकिन रविवार से पोर्टल पर पंजीयन होना शुरू हो गए हैं। लेकिन पंजीयन के पोर्टल में तकनीकी दिक्कतें हुईं तथा गिरदावरी शो नहीं होने के कारण किसानों के पंजीयन नहीं हो रहे थे। जिससे किसान मूंग के पजीयन कराने को लेकर परेशान नजर आए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




मप्र में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर पिछले दो दिनों से पोर्टल पर पंजीयन नहीं होने की समस्या किसानों के समक्ष उत्पन्न हो गई थी। लेकिन रविवार से पोर्टल पर पंजीयन होना शुरू हो गए हैं। जिसके चलते किसानों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा 19 जून से मूंग पंजीयन शुरू होने की घोषणा की गई थी। लेकिन पंजीयन के पोर्टल में तकनीकी दिक्कतें हुईं तथा गिरदावरी शो नहीं होने के कारण किसानों के पंजीयन नहीं हो रहे थे। मामले में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ प्रांतीय उपाध्यक्ष केसरी सिंह पटेल किवलारी ने बताया कि दो दिन तक किसान समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए पंजीयन कराने बहुत परेशान हुए। लेकिन तकनीकी कारणों से पंजीयन नहीं हो रहे थे। केसरी सिंह पटेल ने बताया कि रविवार से पोर्टल पर पंजीयन शुरु हुए हैं। बताते हैं कि पोर्टल पर गिरदावरी अपडेट ना होने के कारण पंजीयन व्यवस्था प्रभावित थी।


### दलालों पर नज़र की दरकार

जानकारों के अनुसार पंजीयन शुरू होते ही प्रशासन को दलालों पर नजर रखनी होगी। क्योंकि चालाक व्यापारी व दलाल कम दर पर किसानों से मूंग खरीदकर बड़ा मुनाफा कमाते हैं।

किसान की पड़ती भूमि का पंजीयन कराकर दलाल इस पर मूंग बेचते हैं। खरीदी व्यवस्था से मुनाफा कमा चुके लोगों से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सभी व्यापारी तो नहीं, लेकिन कुछ व्यापारी सरकारी खरीदी शुरू होने की प्रतीक्षा करते हैं। क्योंकि यह कम मेहनत में अधिक मुनाफे का समय होता है, जिसमें प्रति क्विंटल बड़ी कमाई होती हैं। यद्यपि मुनाफा मात्र व्यापारी या दलाल का नहीं होता है, इस मुनाफे में कई हिस्सेदार होते हैं।

# शहर से लगे कई ढाबों पर परोसी जा रही है शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बैठकर पीने की उत्तम व्यवस्था जैसी लाइन पहले बार और अहाता के सामने लिखी देखी जाती थी। परंतु 2023 में शराब नीति में परिवर्तन के बाद अहाता और बार तो बंद हो गए लेकिन इनकी जगह अब शहर के आसपास संचालित करीब 1 दर्जन से अधिक ढाबों ने ले ली है। जी हां, ऐसा हम इसलिए कह रहे है क्योंकि भोजन परोसने के लिए खुले ये ढाबे अब अहाता बन चुके है। जिनमें सुराप्रेमियो को बैठकर पीने की उत्तम सुविधा दी जा रही है।

शहर की चारों दिशाओं में ये ढाबा/ अहाता बेखौफ, बेधड़क संचालित हो रहे है। बिना किसी डर, बिना किसी झिझक के इन ढाबों पर आने वाले सुराप्रेमी ग्राहकों के लिए अच्छी से अच्छी सुविधाएं देने पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। हर तरह की अंग्रेजी शराब चाहे बियर हो या व्हिस्की, सभी यहां अवैध रूप से बेची ओर बैठाकर पिलाई जा रही है। एक ही स्थान पर उन्हें शराब, स्नेक्स ओर आखिर में वेज-नॉनवेज भोजन भी मिल रहा है। पथरौटा मार्ग पर छत्रपाल पहलवान ढाबा, रंजीत ढाबा, सनखेड़ा मार्ग पर यादव ढाबा, होशंगाबाद रोड पर कृषि उपज मंडी की दुकानों के ढाबे, धोखेड़ा बायपास एवं फोरलेन पर करीब आधा दर्जन ऐसे ढाबे संचालित हो रहे है जिनमें शराब बेची ओर बैठाकर पिलाई जा रही है। आबकारी विभाग किसी अन्य आवश्यक कार्य में व्यस्त है जिसके चलते ये ढाबों के संचालक इतनी आजादी से इस अवैध कार्य को बखूबी कर रहे है। वैसे तो प्रतिदिन इन ढाबों पर सुराप्रेमी पहुंचते है लेकिन जब बात वीकेंड यानि सप्ताह अंत की होती है तो शनिवार रविवार को औसतन से अधिक लोग शराब पीते देखे जा सकते है। अपनी जांच में विभिन्न ढाबों पर अवैध रूप से पिलाई जा रही शराब के वीडियो फुटेज बनाए गए हैं। आबकारी अधिकारी राजेश साहू ने कहा, विभाग लगातार कार्रवाई करता है। अगर कहीं और ढाबे पर अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय योगदिवस पर किया योग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्याप्राचार्य अरविंद रघुवंशीक द्वारा स्कूल परिसर में सामूहिक योगकर्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें विधायकठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममतानागवंशी सहित श्रीलाल पटेल प्रदीप शर्मा सांदीपनि विद्यालय केप्राचार्य संजीव दुबे जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता पटेल अरविंद राय पवन वालिया सभी शिक्षक शिक्षिका एनसीसी के छात्र-छात्रा स्कूल छात्र-छात्राओं की उपस्थितिमे योगके कार्यआयोजनहुआ खापरखेड़ा में सरपंच सुलभ गोदानी



सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक आदि ने भी आयोजन किया ।सभी पंचायत में स्कूलों-कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रम किया गया।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक, सह पर्यवेक्षक व जिला प्रभारी ने की जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय के वाटिका गार्डन में पर्यवेक्षक, सह पर्यवेक्षक व जिला प्रभारी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम दिए हैं। प्रक्रिया में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान अंतर्गत रायशुमारी की गई है।

सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल व कांग्रेस नगराध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि अभा कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रूप में अजॉय कुमार तथा मप्र कांग्रेस पार्टी पर्यवेक्षक रूप में अवधेश सिसोदिया, भूपेंद्र मोहासा व सुखदेव पांसे उपस्थित थे। सभी ने रायशुमारी दौरान बंद कमरे में चर्चा की। बताया जाता है कि कांग्रेस पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार बंद कमरे में रायशुमारी में अधिकृत



पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी पसंद के नाम दिए हैं। पार्टी सूत्र बताते हैं कि कुछ दिन बाद पुनः पर्यवेक्षक का आगमन हो सकता है।

### ये हो सकते हैं दावेदार

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कुछ दावेदारों के नाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए सामने आए हैं। इनमें वर्तमान जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडे शामिल हैं। पांडे के अलावा किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, महेंद्र शर्मा पांजरा, सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे रणवीर सिंह पटेल तथा पिपरिया से दिलीप पालीवाल के नाम पार्टी कार्यकर्ताओं की चर्चाओं में हैं। संभावना है कि अन्य नाम भी सम्मिलित हो सकते हैं। वास्तविक दावेदारों के नाम आगामी रायशुमारी बैठक दौरान सामने आ सकते हैं।

## मूंग की हेरा फेरी मामले में दो पर हुई एफआईआर

**पिपरिया।** विधानसभा क्षेत्र के मछेरा कला मैं वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के मैनेजर शैलेश पाटील एवं ट्रक चालक जीवन मेहरा पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी के हस्तक्षेप के बाद मामले की जांच चल रही थी और 22 जून 2025 को दोनों पर एफआईआर दर्ज कराई गई बताया जाता है कि मामला 300 बोरी मूंग अवैध रूप से बचने का था जो बनखेड़ी पुलिस ने बीएस की धारा 361 318 435 के अंतर्गत मामला दर्ज किया मामले में पुलिस जांच कर रही थी। ताज रहे संसद के पास शिकायत होने पर संसद के द्वारा मामला संज्ञान में लिया गया उच्च अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को जांच के आदेश दिए गए थे जिसके अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है याद रहे कि प्रबंधन को निलंबित कर दिया गया था जिसे भोपाल मुख्यालय पर अटैक किया गया था लेकिन अभी थाने में गाड़ी खड़ी हुई थी।

# सांसद ने दिव्यांगों को स्कूटी का वितरण किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

केंद्र सरकार के द्वारा सांसद निधिसे दिव्यांगों को स्कूटी का वितरण कियाजाता है। अंतर्गततरतर्गत सांसद दर्शन सिंह के द्वारा गल्ला मंडी परिसर भाजपा कार्यालय के पास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 24लोगों को महिला पुरुषों को स्कूटी का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद दर्शनसिह कार यकाम की अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममतानागवंशी सतपाल पलिया जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता पटेल अरविंद राय पवन वालिया राजीव जायसवाल मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा पटेल संगठन के पदाधिकारियों महिला मोर्चा सहित सभी की उपस्थिति में 24 दिव्यांगों को स्कूटी का वितरण कियागया। नगर में रैली निकाली गई सभीके ऊपर पुष्पवर्षा की गई।

# कॉलेज में आयोजित हुआ ग्यारहवां विश्व योग दिवस, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मलावा



21 जून को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा नर्मदापुरम में प्रातः 6 बजे से आयोजित किया गया।

इसमें सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा संबोधित किया गया तत् पश्चात भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे विश्व को विशाखापत्तनम से योग के लक्ष्य के बारे में संबोधित किया और इसके पश्चात वही से पतंजलि योग पीठ से प्रशिक्षित योगाचार्य सुनील गौर एवं गया प्रसाद यादव के द्वारा निर्देशित तरीकों से योगाभ्यास किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के निर्देशन में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आयोजन हुआ, महोदय ने अपने उद्बोधन ने कहा कि योग मानव की सभी उलझनों का स्थाई समाधान है योग यथार्थ बोध का प्रक्रिया है यह स्वयं के विकास का अनुसंधान है साथ ही समस्त स्टॉफ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी एवं अन्य कर्मचारी की सहभागिता से यह कार्यक्रम किया गया। प्रसारण के अनुरूप योगासन किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहां कीआपको संतुलन, सांस और आनंद से भरे दिन की शुभकामनाएं। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे 1

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ योगाभ्यास आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मलवा

आज शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में 11 वॉ अंतर्रष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, योग - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ को ध्यान में रखते हुये मध्यप्रदेश शासन आदेशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया । आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान, नर्मदापुरम से आमंत्रित योग प्रशिक्षक पराग खंडेलवाल तथा रुद्रप्रताप द्वारा महाविद्यालय की छात्राओ एवं स्टाफ को योग अभ्यास कराया गया, साथ ही तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुये ध्यान के महत्व को बताया साथ ही समय प्रबंधन का जीवन में सही उपयोग कर तनाव को कम किया जा सकता है। प्राचार्य द्वारा योग दिवस योग के महत्व को बताते हुये आमंत्रित करते हुये अतिथियों का स्वागत किया।

# श्रीराम कथा : विश्वास, श्रद्धा और भक्ति से ही ईश्वर प्राप्ति संभव है : पं. तरुण तिवारी

### स्थानीय देनवा गार्डन में जारी है नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के देनवा गार्डन में नौ दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन जारी है। आयोजन के छठे दिन रविवार को पं. तरुण तिवारी ने श्रीराम कथा महत्व पर बात कही। कथा श्रवणार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कथा में पं. तिवारी ने कहा कि विश्वास, श्रद्धा और भक्ति से ही ईश्वर प्राप्ति संभव है। मां दुर्गे की आराधना मातृशक्ति की आराधना है। मां दुर्गा चारों वर्णों की मां है। शेर की सवारी का अर्थ है हिंसक प्रवृतियों पर सवारी और उसका दमन करना। उन्होंने कहा कि विद्या के साथ




विवेक आवश्यक है, क्योंकि विवेकहीन अर्जित धन विनाशकारी है। भक्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास दोनों का होना आवश्यक है। मानव जीवन भोग के लिए नहीं, बल्कि योग के लिए है। उन्होंने कहा कि संसार में ऐसा कोई मनुष्य नहीं जिसे जीवन में कभी मुसीबतों व विपत्तियों का सामना न करना पड़ा हो। लेकिन धैर्य से सब शांत किया जा सकता है। और कथा श्रवण धैर्य प्रदान करता है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से बारिश होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल गुरुवार सुबह से जारी है। रविवार को क्षेत्र में हुई बरसात के कारण सड़कों पर फैला कचरा पानी के साथ बहकर यहां वहां बिखर गया।

जिससे नागरिक परेशान हुए। नागरिकों ने बताया कि कई जगह भारी बारिश के कारण कचरा बरसाती पानी के साथ बहकर नालियों में जमा हो गया। जिसके चलते नालियों के चौक होने की संभावना बढ़ गई है। बताया जाता है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हड़ताली कर्मचारियों से सोमवार तक का समय समस्या समाधान के लिए मांगा था। देखना होगा कि आज समस्या समाधान की कौन सी राह निकाली जाती है।

# माखननगर में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शनिवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन माखन नगर द्वारा स्नेह सम्मेलन एवं नए पेंशनर का स्वागत समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह राजपूत पूर्व विधायक एवं दिनेश चतुर्वेदी पेंशनर संघ जिला नर्मदा पुरम एवं विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती सावित्री परनामे अध्यक्ष जनपद पंचायत माखन नगर श्री सत्यनारायण पाराशर निखिलेश चतुर्वेदी, संजय अग्रवाल एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर कल्याणी यादव उपस्थित रही

मुख्य अतिथि का स्वागत शाल एवं श्रीफल से पेंशनर संघ के संरक्षक सी.एल. चौरे मालवी मोहनलाल मीणा आर एच चौरे द्वारा किया गया अन्य अतिथियों का




स्वागत पेंशनर संघ के अध्यक्ष आर एच चौरे एवं शहदावत द्वारा किया गया नवीन पेंशनर सदस्य रामनाथ नागोरिया हरिओम मालवीय नगर परिषद अरुण ताम्रकार अमृतलाल मीणा का साल एवं श्रीफल से मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक द्वारा किया गया कार्यक्रम में नर्मदा पुरम जिले एवं सभी सातों ब्लॉकों के अध्यक्ष उपस्थित हुए साथ ही जिला महिला पेंशनर प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता दुबे के साथ अन्य महिला पेंशनर कर्मियों ने भी कार्यक्रम में बढ चढ़ कर हिस्सा लिया अंत में मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा कार्यक्रम हाल में उपस्थित सभी पेंशनर्स को शाल श्रीफल भेंट किए

साथ ही अहमदाबाद प्लेन हादसे में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम का संचालन हरिओम मालवीय द्वारा किया गया।

# बरसात ने खोली कायाकल्प रोड निर्माण कार्य की पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप ने हाईवे के चौड़ीकरण के लिए दोनों ओर कायाकल्प सड़क का निर्माण किया है। लेकिन रोड ठेकेदार की मनमानी व निर्माण दौरान बरती गई लापरवाही बरसात में सामने आने लगी है। जब स्टेट हाईवे के उस हिस्से पर पानी भर गया, जहां लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क बनाई गई थी। नागरिकों के अनुसार नप को बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था बनानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री का पिपरिया में किया गया स्वागत



**पिपरिया।** मप्र सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने परिवार केसाथ पचमढ़ी प्रवास पर जा रहेथे। लेकिन अचानक मौसम खराब होने से उनका हेलीकॉप्टर पिपरिया में उतारा गया जिसकीसूचना सभी प्रशासनिक अधिकारियोंको तत्काल भेजीं गई तो उसे दौरान सभी अधिकारी हेलीपैड पहुंचे इस दौरान सांसद दर्शन सिंह विधायक ठाकुरदास नागवंशी युवा भाजपा नेता सतपाल पलिया तमाम लोग हेलीपैड पर पहुंचे सभीलोगों ने मुख्यमंत्री डॉमोहन यादवसे मुलाकात कर उसके बाद मुख्यमंत्री अपनेपरिवार के साथ गाड़ियों से पचमढ़ी के लिए रवानाहो गए। तथा शाम 5:00 बजे भोपाल वापसीके लिए पिपरिया पहुंचे मौसम खराबहोने के कारण भोपाल के लिए रवाना हो गए।

## खबर संक्षेप



### 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**हरदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथजी की भव्य शोभायात्रा 27 जून को निकलेगी। यह यात्रा जगन्नाथ मंदिर से प्रातः 8:30 बजे निकाली जावेगी। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा जगदीश मन्दिर से प्रारंभ होकर घंटाघर चौक, चांडक चौराहा,बैंक चौराहा, टांक चौराहा, जैसानी चौक , नार्मदीय धर्मशाला से होते हुए वापस 11:45 बजे जगदीश मन्दिर नरसिंह वार्ड हरदा पहुँचेगी। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष ,पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि इस वर्ष भी शोभायात्रा भव्य निकलेगी। जिसमं। जिले भर के श्रद्धालु इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। रथयात्रा में भव्य रथ पर भगवान जगन्नाथ हरदा नगर का भ्रमण करेंगे। इस दौरान बेंड बाजे, डी जे, व भगवान राधा कृष्ण की भव्य आकर्षक झांकिया भी निकाली जावेगी। रविवार को भगवान जगन्नाथ मन्दिर हरदा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। इस दौरान देवीसिंह साँखला, प्रदीप सोनी सेठी, अशोक राठौर, बल्लभ तोषनीवाल, विजय तापड़िया, कन्हैयालाल कुशवाहा, सुयोग सोनी, लालू त्रिपाठी, मनोज पालीवाल, निलेश पालीवाल, पण्डित अनमोल दुबे, अनन्त दुबे सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश की काउन्सलिंग होगी

**हरदा।** तकनिकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल कॉउन्सिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गयी है। प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि जो छात्र डिप्लोमा द्वितीय चरण में किसी कारणवश रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए है, वे 13 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उन्होने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में मुफ्त रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश नियम, विस्तृत समय सारणी, अभ्यर्थियों के लिये निर्देश व अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### जुआ, एनडीपीएस व यातायात उल्लंघन पर की कार्रवाई

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले में विभिन्न अपराधों और असामाजिक गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। थाना मूंदी पुलिस ने एक आरोपी को सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीते पकड़ा और उसके कब्जे से चिलम जप्त की। थाना मांधाता क्षेत्र में भी एक आरोपी को चिलम पीते पकड़ा गया, जिसके कब्जे से चिलम, माचिस की डिबिया, जली तीली और कपड़ा जब्त किया गया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/27 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार थाना पदमनगर पुलिस ने पांच आरोपियों को ताश पत्तों से जुआ खेलते पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 950 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जिलेभर में 18 वाहन चालकों पर एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 7800 रुपये समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा जिले में 21 जून को 30 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। 24 प्रकरणों में 35 अनावेदकों पर धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत, 5 प्रकरणों में 6 अनावेदकों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई हुई। 15 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही भी की गई। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपराधों से दूर रहने की अपील की है।

### डिस्ट्रिक्ट चेस क्लब के तत्वावधान में जिला स्तरीय ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट संपन्न

# सीनियर वर्ग में कलेक्टर सिद्धार्थ और जूनियर में रजित को प्रथम स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शतरंज के खेल प्रेमियों के लिए डिस्ट्रिक्ट चेस क्लब के तत्वावधान द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल में रविवार को जिला स्तरीय ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अभिषेक नायरे ने द्वितीय, आशीष कुमार यादव ने तृतीय, कोस्तुभ उपाध्याय ने चतुर्थ तथा आयुष उपाध्याय ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान रजित चौहान, द्वितीय स्थान यश शर्मा, तृतीय स्थान तनमय रघुवंशी, चतुर्थ स्थान रामानुजन स्वामी तथा पांचवें स्थान पर ईशान तिवारी रहे। प्रतियोगिता में 15





वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 तथा 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास कर इसे राज्य स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे हरदा जिले के सभी बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि बच्चों को शतरंज खेल के प्रति बच्चों को प्रोत्साहन करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस क्लब के अध्यक्ष आलोक जैन, क्लब के सचिव पी. सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, रामनिवास जाट सहित अन्य बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नगर परिषद ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है

# अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से वल्लभ नगर झुग्गीवासियों की बरसात से पहले बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

मूंदी नगर परिषद द्वारा वल्लभ नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की तैयारी ने बरसात से पहले झोपड़ियों में रहने वाले सैकड़ों परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। नगर परिषद इसे जनहित में उठाया गया कदम बता रही है, जबकि गरीब तबका इसे बरसात से पहले की उजाड़ नीति मान रहा है। 65 वर्षीय एक महिला की डबडबाई आंखों से निकली पुकार ने प्रशासन की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उनका कहना है, हमने जमीन नहीं छीनी, बस जीने की जगह मांगी थी। अगर घर गया, तो दवा, राशन, कपड़े झ सब बारिश में बह जाएंगे। स्थानीय समाजसेवियों ने मांग की है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मानसून के बाद की जाए। झुग्गीवासियों में अधिकांश लोग मजदूरी, ठेले और सब्जी विक्रय जैसे कार्यों पर निर्भर हैं। एक पिता ने चिंता जताते हुए कहा, ह्लबच्चों की किताबें भीग जाएंगी।

फिर पढ़ाई कैसे होगी? स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून में खुले में रहना गंभीर बीमारियों का







कारण बन सकता है। डेंगू, मलेरिया और त्वचा रोग जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। रहवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि कार्रवाई मानसून के बाद की जाए, पहले पुनर्वास और आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, और पेयजल, शौचालय व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रशासन से संवाद और विकल्प का रास्ता खोले जाने की मांग की गई है।

### *जिन्हें चुना वे ही अब उन्हें उजाड़ रहे*

*रविवार को कांग्रेस प्रदेश सचिव उत्तमपाल सिंह पुरनी वल्लभ नगर पहुंचे और झोपड़ीवासियों से भेंट की। उन्होंने कहा, नगर परिषद की दादागिरी चल रही है। जनता ने जिन्हें चुनकर बैठाया, वे ही अब उन्हें उजाड़ रहे हैं। पुरनी ने आरोप लगाया कि यह सड़क ढहऊ की है और नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती। रहवासी पट्टाधारी हैं और उनसे टैक्स लिया जा रहा है, फिर भी उन्हें अवैध बताया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यह कार्रवाई भूमि माफिया के हित में हो सकती है। पुरनी ने कहा कि खंडवा में हाल ही में ऐसी ही कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति की मौत हुई थी। अगर वल्लभ नगर में कुछ हुआ तो जिम्मेदार कौन होगा? उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार को कांग्रेस नेता एसडीएम और तहसीलदार से मिलकर कार्रवाई रोकने की औपचारिक मांग करेंगे और मामला जिला प्रशासन के समक्ष रखेंगे। वल्लभ नगर के झुग्गीवासियों की अंतिम पुकार है, ह्लहमने जमीन नहीं छीनी थी साहब बस जीने की जगह मांगी थी यह केवल अतिक्रमण हटाने का मामला नहीं, बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने इंसानियत की परीक्षा है।*

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर

# ब्रह्मकुमारी संस्था में सामूहिक योग व राजयोग मेडिटेशन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खंडवा द्वारा भाग्योदय भवन आनंद नगर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे संगठित राजयोग मेडिटेशन से हुई, जिसमें संस्था से जुड़े सभी सदस्यों ने शांति की ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर संस्था प्रभारी बीके शक्ति दीदी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन को संतुलन और शांति देने की एक कला है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला अभ्यास है जो जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। महामारी, मानसिक दबाव और असंतुलित जीवनशैली के इस दौर में योग ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित और शुद्ध करता है। बीके शक्ति दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था में सिखाया जाने वाला राजयोग भारत का सबसे प्राचीन और परमात्मा द्वारा सिखाया गया योग है। यह योग आत्मा में व्याप्त दुःख और पाप के पांच मूल कारणों—काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को दूर करने वाला एकमात्र साधन है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे ही योगाभ्यास की आवश्यकता है जो मनुष्य के मन को स्वस्थ और निरोग बना सके। कार्यक्रम में सहज योग ग्रुप की सुहानी उधलानी एवं उनके ग्रुप द्वारा शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए सामूहिक योगाभ्यास कराया गया और योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। ग्रुप के सदस्यों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों समेत संस्था के बीके भाई-बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### सराफा बाजार की गली से 67 दुकानों का अतिक्रमण हटाया

# पुरानी सब्जी मंडी में बनेगी अल आकार की पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगर पालिका ने 16 जून को घंटाघर के पास सराफा बाजार की गली से 67 दुकानों का अतिक्रमण हटाया। इन दुकानदारों के लिए हाजी चौक के पास 90 दुकानों का सीमांकन किया गया। नगर पालिका ने यह कार्रवाई बाजार क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए की। पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार के अनुसार, पुरानी सब्जी मंडी में एल आकार की पार्किंग बनाई जाएगी।

चांडक चौराहा, नार्मदीय धर्मशाला, कांजी हाउस और बड़ा पोस्ट ऑफिस से घंटाघर तक जाने वाली सड़कों पर रोज जाम लगता था। बाजार की तंग गलियों में पार्किंग की वजह से लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत होती थी। दुकानदारों और फुटपाथ विक्रेताओं के बीच विवाद भी होते थे। नगर पालिका ने बड़े मंदिर के पास के चाट-फुल्की के ठेलों को गुलजार भवन के सामने स्थानांतरित करने का निर्णय लिया



है। हालांकि, 16 दिन बीत जाने के बाद भी हाजी चौक के पास नई जगह खाली पड़ी है। फुटकर व्यापारियों ने या तो पुराने स्थान पर या फिर जत्रा पड़ाव में शनि मंदिर या अजनाल नदी के पेढ़ी घाट पर दुकान लगाने की अनुमति मांगी है। सब्जी विक्रेता की पत्नी पिंकी खान ने कलेक्टर से पुराने स्थान पर ही दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग की है। वही विधायक डॉ आर के दोगने से भी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर उनकी मदद करने की अपील की है।

### श्री दिगम्बर जैन मंदिर में मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने कहा

# चातुर्मास का उद्देश्य त्याग, तपस्या और कर्मों की निर्जरा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

चातुर्मास का उद्देश्य त्याग, तपस्या ओर कर्मों की निर्जरा है, समाज के कल्याण के लिए चातुर्मास होता है। उक्त उद्गार मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवचन देते हुए व्यक्त किये। मुनिश्री ने कहा कि हर घर का हर व्यक्ति स्वाध्याय का लाभ लेने वाला होना चाहिए। चातुर्मास तब ही सफल होता है जब समाज धर्म का पालन करना हृदय से अंगीकार करें।

चातुर्मास साधु के लिए आवश्यक नहीं है, समाज के सभी लोगों को इस दौरान धर्म सिखने ओर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। कोई भी साधु लगातार चार माह तक एक स्थान पर नहीं रहता है। चातुर्मास में सभी श्रावकों को अधिक से अधिक धर्म लाभ लेना चाहिए ओर अपने कर्मों की निर्जरा कर धर्म पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने



बताया कि टिमरनी नगर में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव को संपन्न कराने के बाद आज हरदा नगर में मुनिश्री निर्णयसागर महाराज का अल्प प्रवास हुआ। इस दौरान मुनिश्री को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट करने शुजालपुर से भी सामाजिक बंधु हरदा आए थे। इस अवसर पर मुनिश्री ने उपस्थित श्रावकों को चातुर्मास का महत्व और अर्थ बताया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम हुआ

# भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है योगाभ्स: चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ज़िला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर संदीपनी स्कूल परिसर में दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों मातृ शक्तियो सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने योग एवं प्राणायाम, किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भैरूंदा तहसील सहित पंचायत मुख्यालयों पर योग एवं प्राणायाम के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम मे जन-प्रतिनिधिगण, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं योग संस्थाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग और प्राणायाम किया। संदीपनी स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में योग शिक्षक रामनारायण चौबे ने कहा भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे



आसान उपाय है। कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में लोगों द्वारा योग एवं प्राणायाम किया। अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, मातृ शक्तियों ने योग के विभिन्न आसनों के साथ प्राणायाम ध्यान, हास्य व्याम किया। योग शिक्षक रामनारायण चौबे ने योग एवं प्राणायाम के विभिन्न आसनों को प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात संदीपनी स्कूल में मंच पर ही एलईडी स्क्रीन, पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा लाईव प्रसारण भी किया गया। जिसे उपस्थितजनों ने देखा व सुना। इस दौरान योग दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा नायाब तहसीलदार संदीप गौड , अनीस कुरैशी, पुर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय , मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, चन्द्र प्रकाश खंडेलवाल,ओम पटेल, जितेन्द्र गौड, रितेश मकवाना, कपिल खंडेलवाल , अमित मीणा, गोलू जाट, राजेश लखेरा, स्कूल प्राचार्य शेलेंद्र लोया सहित समस्त शिक्षकगण और महिलाएं शामिल रहीं।

**न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टिमरनी जिला हरदा**

"प्रारूप-चार"
(नियम 5(1) देखें)
**सूचना**
प्रकरण क्र-0003/ब-113(4)/2025-26

जबकि शुभम यादव पुत्र गौरीशंकर यादव निवासी वार्ड नबर 03 खेडीपुरा हरदा तहसील हरदा जिला हरदा ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अतर्गत अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये एक आवेदन लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिये किया है एततद्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त अवेदन 2025 के दिनांक 16/07/2025 पर मेरे द्वारा न्यायालय के विचारण में लिया जाएगा। अतः मैं पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टिमरनी जिला हरदा के लोक न्यासों का रजिस्ट्रार, अपने न्यायालय में दिनांक 16/07/2025 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा अपेक्षित जांच करने की प्रस्थापना करता हूँ। किसी आपत्ति (या सुझाव) को करने का आशय रखते हुए उक्त न्यास या संपत्ति के मामले में हित रखने वाले किसी भी व्यक्ति को इस सुचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिगण अथवा वकील द्वारा या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों के विचार में नहीं लिया जाएगा।

अनुसूची (लोक न्यास का नाम - सतपुड़ा गौ अभ्यारण्य सार्वजनिक लोकन्यास ग्राम टेमागाँव पता-ग्राम टेमागाँव तथा संम्पत्ति का विवरण, निरंक

जारी दिनाक 16/06/2025
पेशी दिनांक 16/07/2025

**पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टिमरनी जिला हरदा**